(१) प्रश्न—इन पूर्वोक्त अनुपलब्धि के आठ कारणों में कौन ऐसा कारण है जिससे प्रकृति, पुरुष का प्रत्यक्ष नहीं हो पाता है ?

उत्तर—'सौक्ष्म्यात्तदनुपलब्धिः' अर्थात् सूक्ष्म होने के कारण ही प्रकृति, पुरुष की उपलब्धि=प्रत्यक्ष नहीं हो पाती है, अभाव से नहीं ।

प्रश्न—प्रधान और पुरुष नाम की कोई वस्तु ही नहीं है, इस अभाव के कारण

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(२) दृढतरप्रमाणावधारिते हि प्रत्यक्षमप्रवर्त्तमानमयोग्यत्वान्न प्रवर्तते इति कल्प्यते। सप्तमस्तु रसो न प्रमाणेनाऽवधारित इति न तत्र प्रत्यक्षस्यायोग्यता शक्याऽध्यवसातुमित्यभिप्रायः।

(३) किं पुनस्तत्कार्यं यतः प्रधानानुमानम्? इत्यत आह—'महदादि तच्च कार्यम्' इति। एतच्च यथा गमकं तथोपरिष्टादुपपादयिष्यते। तस्य च

सप्तमरसस्य रसविशेषस्य वाऽभावादेव नोपलब्धिर्जायते तथा प्रधानादीनामप्यनुपलब्धिरभावादेव भवतु न सौक्ष्म्यादित्याशङ्कां निराकरोति—**नाऽभावादिति**। न सप्तमरसवत् प्रधानपुरुषादीनामभावात् अप्रत्यक्षं मन्तव्यम्। प्रधानपुरुषादीनामनुपलब्धौ अभावो न हेतुः किन्तु 'सौक्ष्म्यात्' इत्येव हेतुः, कथमिति चेत्। समाधत्ते—**'कार्यतस्तदुपलब्धेरि'ति**। अत्र 'तत्'पदेन प्रधानस्यैव ग्रहणं न तु पुरुषस्यापि, पुरुषोपलब्धौ 'सङ्घातपरार्थत्वात्' इत्यादिनाऽग्रे प्रमाणस्य वक्ष्यमाणत्वात्।

(२) प्रत्यक्षाप्रवृत्त्या प्रधानपुरुषादीनां सप्तमरसवदभाव एव कथं न स्वीक्रियते? इत्याशङ्क्य तन्निरस्यति—**दृढतरप्रमाणावधारिते इति**। दृढतरं=प्रबलतरं, यत् =प्रमाणम् अनुमानं, तेन अवधारिते=निश्चिते प्रधानादौ, अप्रवर्तमानं प्रत्यक्षम्=प्रत्यक्षप्रमाणमिन्द्रियम्। अयोग्यत्वात्=निरवयवत्वेन योग्यताया अभावान्न प्रवर्तते, न तु असत्त्वात्। दृष्टान्तवैषम्यं दर्शयति—**सप्तमस्तु रस इति**। सप्तमस्तु रसो नास्त्येवेत्यसत्त्वादेव तत्र प्रत्यक्षं न प्रवर्तते नाऽयोग्यत्वादित्यस्ति विशेषः।

(३) प्रधानस्य किं कार्यं यदुक्तं 'कार्यतस्तदुपलब्धेः' इत्यत आह—**'महादादि**

ही सप्तम रस के समान प्रकृति, पुरुष का प्रत्यक्ष नहीं होता है; यही क्यों न मान लिया जाय?

उत्तर—'नाऽभावात्' अभाव के कारण प्रकृति, पुरुष का अप्रत्यक्ष नहीं माना जा सकता है, क्योंकि महदादिरूप कार्य से प्रधान के अस्तित्व का निश्चय स्पष्ट है। 'तदुपलब्धेः'—यहाँ पर 'तत्' शब्द से प्रधान का परामर्श=ग्रहण होता है। पुरुष को उपलब्धि में तो 'सङ्घातपरार्थत्वात्' (का० १७) से प्रमाण का उल्लेख करेंगे।

(२) दृढ़तर अनुमान=सामान्यतोदृष्ट आदि प्रमाणों के द्वारा प्रधान, पुरुष आदि पदार्थों के अवधारित=निश्चित हो जाने पर प्रधान, पुरुष आदि पदार्थों का अस्तित्व अक्षुण्ण है, उनकी सत्ता निर्विवाद है। अब यदि प्रत्यक्षप्रमाण उनकी सत्ता सिद्ध करने में अप्रवर्तमान है तो वहाँ हम यह कल्पना करते हैं कि प्रत्यक्षप्रमाण अयोग्य होने के कारण वहाँ प्रवृत्त नहीं होता है। परन्तु सातवें रस का अस्तित्व तो किसी भी प्रमाण से सिद्ध ही नहीं है, अतः उसके विषय में प्रत्यक्षप्रमाण की अयोग्यता नहीं मानी जा सकती है। यह कारिकाकार ईश्वरकृष्ण का अभिप्राय है।

(३) प्रश्न—वह प्रकृति का कौन-सा कार्य है, जिससे प्रधान का अनुमान होता है?

उत्तर—'महदादि तच्च कार्यम्' अर्थात् महत्=बुद्धि आदि ही प्रकृति का वह

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

कार्यस्य विवेकज्ञानोपयोगिनी सारूप्यवैरूप्ये आह—'प्रकृतिसरूपं विरूपं च' इति। एते तूपरिष्टाद्विभजनीय इति ॥ ८ ॥

(१) कार्यात् कारणमात्रं गम्यते। सन्ति चात्र वादिनां विप्रतिपत्तयः। तथाहि—केचिदाहुः—असतः सज्जायते इति। 'एकस्य सतो विवर्त्तः कार्यजातं न वस्तु सत्' इत्यपरे, अन्ये तु—'सतः असज्जायते' इति, 'सतः सज्जायते' इति वृद्धाः।

तच्च कार्यम् इति। एतच्च = महदादि कार्यञ्च। यथा गमकं = येन प्रकारेण प्रधानानुमापकम्। उपरिष्टात् = १४।१५ कारिकायाम्। सारूप्य-वैरूप्ये = साधर्म्य-वैधर्म्ये।

(१) अन्यदार्शनिकानां विप्रतिपत्तिप्रदर्शनपुरःसरम् 'असदकरणादि'त्यादिना सांख्याभिमत-सत्कार्यतावादं संस्थापयितुं पूर्वं भूमिकामारचयति—**कार्यात् कारणमात्रमिति**। यथा धूमस्वरूपकार्येण वह्निरूपधूमकारणं निश्चीयते, तथा कस्यापि कार्यस्य दर्शनात् 'अस्य किमपि कारणमस्ति' इत्येवंरूपेण सामान्यतस्तत्कारणं निश्चीयते, न तु 'इदमस्य कारणम्' इति विशेषतो निश्चयो भवतीति न प्रधानकारणत्वविनिश्चयः। ननु गम्यतां कार्यात् कारणमात्रम्, तथापि विशेषतः कारणत्वनिश्चयावसरेऽन्यस्य कारणस्याऽनुपलब्धेः पारिशेष्यात् प्रधानकारणत्वनिश्चयोऽवश्यम् 'अजामेकामि'त्यादिश्रुतिबलाद् भविष्यतीत्यत्राह—**सन्ति चात्रेति**। अत्र = विशेषतः कारणविषये। वादिनां = विभिन्नदार्शनिकानाम्। विप्रतिपत्तयः—विरुद्धाः प्रतिपत्तयः = भिन्ना भिन्ना मतयः सन्ति, अतः प्रधानस्यैव कारणत्वं निश्चेतुं न शक्यते।

ता विप्रतिपत्तीरेव दर्शयति—**तथाहीति**। बौद्धानां मतं दर्शयति—**केचिदाहुः—असतः सज्जायते इति**। असतः = अभावात्, विनष्टबीजादेः, सत् = अङ्कुरादिकं जायते इत्यर्थः। अद्वैतवेदान्तिनां मतं दर्शयति—**एकस्य सत इति**। एकस्य = अद्वितीयस्य, सतः = त्रिकालाबाध्यस्य ब्रह्मणः, विवर्तः अतात्त्विकः अन्यथाभावः, कार्यजातं = यावज्जगद्रूपं शुक्तेरिव रजतम् अतात्त्विकान्यथाप्रथात्मकं कार्यजातम्। न वस्तु सत् = न परमार्थतः सदित्यर्थः। तथा चोक्तम्—

'यस्तात्त्विकोऽन्यथाभावः परिणाम उदीरितः।
अतात्त्विकोऽन्यथाभावो विवर्तः स उदीरितः'॥

कार्य है, जिस कार्य से प्रकृति का अनुमान होता है। यह 'महत्' आदि कार्य कैसे प्रकृति का गमक = बोधक = अनुमापक है, इसका आगे (१०-११वीं कारिका में) उपपादन करेंगे। और उस 'महत्' आदि कार्य के सारूप्य = साधर्म्य, वैरूप्य = वैधर्म्य, जो कि विवेकज्ञान के उपयोगी हैं, उन्हें आगे की 'प्रकृतिस्वरूपं विरूपञ्च' इस कारिका में विभागपूर्वक कहेंगे ॥ ८ ॥

(१) अन्यान्यवादियों की विप्रतिपत्तियों का प्रदर्शन करते हुए सांख्यमत में सत्कार्यवाद की स्थापना के लिए 'असदकरणात्' इत्यादि कारिका की भूमिका का आरम्भ करते हैं—**'कार्यात् कारणमात्रम्' इति**। कार्य से कारणमात्र का निश्चय होता

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(२) तत्र पूर्वस्मिन् पक्षत्रये प्रधानं न सिद्धयति। सुखदुःखमोहभेदवत्स्वरूपपरिणामशब्दाद्यात्मकं हि जगत्कारणस्य प्रधानत्वं सत्त्वरजस्तमःस्वभावत्वमवगमयति।

स च विवर्तः अपरित्यक्तपूर्वरूपस्य रूपान्तरप्रतीतिविषयत्वम्। अथवा पूर्वरूपापरित्यागेन असत्यनानाकारप्रतिभासो विवर्तः। यथा—शुक्तौ रजतस्य, रज्ज्वां वा सर्पस्य प्रतीतिः। न्यायवैशेषिकमतं दर्शयति—**अन्ये तु; सत असज्जायते इति**। सतः=भावस्वरूपपरमाण्वादितः, असत्=पूर्वमविद्यमानं द्वयणुकादि जायते इत्यर्थः। पूर्वमसदेव तत्तद्घटादि कार्यं दण्डादि सामग्री सान्निध्ययुक्तात् मृदादिकारणाद् भिन्नं सज्जायते इति तु परमार्थः। न्यायवैशेषिकानां मते उत्पत्तेः पूर्वं कार्यं नासीत्, अनन्तरं कारणसामग्रीवशात् जायते। सांख्यमतं दर्शयति—**सतः सज्जायत इति**। सतः=भावात्मकनित्यप्रकृतितः, सत्=अनागतावस्थया कारणे वर्तमानमेव कार्यं जायते—आविर्भवतीत्यर्थः। अर्थात् कारणव्यापारेण कार्यमभिव्यज्यते इति तु निष्कर्षः। सांख्यानां मते कारणमेव कार्यरूपेण परिणमतेऽन्यत्वं सत्यत्वञ्च स्वीक्रियते। यथा—'दुग्धं दधिरूपेण परिणमते' तस्मात् नास्ति दुग्धाद् दधिकार्यान्तरम्।

(२) सांख्यातिरिक्तमतत्रये कार्यकारणयोरभेदासम्भवात् प्रकृतिर्न सिद्धयतीति दर्शयति—**तत्र पूर्वस्मिन्निति**। तत्र=मतचतुष्टयमध्ये, कार्यज्ञानेन यादृशं कारणं प्रधानं सिद्धं भवति तादृशं प्रधानं पूर्वस्मिन् मतत्रये नैव सिद्धयति। अर्थात् सुखाद्यात्मककार्यदर्शनेन कारणमपि तादृशमेव सुखाद्यात्मकं सिद्धं भवति न तु तदतिरिक्तं, तथाविधञ्च कारणं प्रकृतिरेवास्ति, सा च प्रथममतत्रये नैव सिद्धयति।

कीदृशी सा प्रकृतिः कार्यलिङ्गकानुमानेन सिद्धयति, या अन्यस्मिन् मतत्रये न सिद्धयतीति जिज्ञासायामाह—**सुखदुःखमोहभेदवत्स्वरूपपरिणामशब्दाद्यात्मकमिति**। सुखदुःखमोहस्वरूपा ये भेदाः=विशेषास्ते विद्यमाना यत्र तत् सुखदुःखमोहभेदवत्, एवंविधं स्वरूपं येषां ते सुखदुःखमोहभेदवत्स्वरूपाः, एतादृशा ये परिणामाः=पञ्च-

---

है, अर्थात् इस कार्य का कोई कारण अवश्य है। परन्तु वह कारण कौन है? यहाँ वादिलोगों की बहुत-सी विप्रतिपत्तियाँ=विरुद्ध दृष्टियाँ हैं।

'तथाहि' कुछ लोग=बौद्ध, कहते हैं कि—असत्=अभावरूप कारण से 'सत्' कार्य उत्पन्न होता है। और अपर=अद्वैतवेदान्ती लोग कहते हैं कि—एक सत् ब्रह्म का विवर्त=अतात्त्विक=अन्यथाभाव रूप ही यह चराचरात्मक जगत् स्वरूपकार्य है, परन्तु वह सत् नहीं है और अन्य लोग=वैशेषिक सत् कारण से असत् कार्य की उत्पत्ति मानते हैं और वृद्ध लोगों=सांख्यलोगों का कहना है कि सत् कारण से सत् कार्य उत्पन्न होता है।

(२) परन्तु वहाँ प्रथम तीनों पक्षों में प्रधान=प्रकृति की सिद्धि नहीं हो पा रही है, अतः हम कौमुदीकारदर्शित प्रधानसिद्धि-प्रकार को 'सुख-दुःखमोहभेदवत्' इत्यादि ग्रन्थ से बतला रहे हैं—यह चराचर जगत् सुखदुःखमोहभेदवत् स्वरूपपरिणाम-

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(३) यदि पुनरसतः सज्जायेत असत् निरुपाख्यं कारणं सुखादिरूपशब्दाद्यात्मकं कथं स्यात् ? सदसतोस्तादात्म्यानुपपत्तेः ।

(४) अथैकस्य सतो विवर्त्तः शब्दादिप्रपञ्चः तथाऽपि सतः सज्जायत इति न स्यात् । न चाऽस्याऽद्वयस्य प्रपञ्चात्मकत्वम्, अपि त्वप्रपञ्चस्य प्रपञ्चात्मकतया प्रतीतिर्भ्रम एव ।

तन्मात्रादिरूपशब्दाद्याः, त एवात्मा = स्वरूपं यस्य तत् सुखदुःखमोहभेदवत्स्वरूपपरिणामशब्दाद्यात्मकं, तस्य भावस्तत्त्वम् । एतादृशं समस्तजगत्कारणं प्रधानं कार्यदर्शनात् सिद्धयति, तच्च अन्यस्मिन् पक्षत्रये नैव सिद्धयति इति भावः । अर्थात् कार्यस्वरूपाणां शब्दादीनां कारणस्य परिणामरूपत्वं विज्ञेयम् । पटादीनामिव तन्तुसमुदायस्य ।

(३) बौद्धमतेऽपि प्रधानं न सिद्धयतीत्याह—**यदि पुनरिति** । असत् = अभावात्मकम् । अत एव निरुपाख्यम् = उपाख्यारहितम्, अर्थात् 'इदं सदि'ति निर्वचनशून्यं निरुपाख्यम्, क्वचिदपि सत्त्वेन प्रतीत्यविषयत्वम् इत्यर्थः ।

(४) अद्वैतवेदान्तिनां मतेऽपि प्रधानं न सिद्धयतीत्याह—**अथैकस्येति** । एकस्य= अद्वितीयस्य । सतः = त्रिकालाबाध्यस्य ब्रह्मणः । विवर्तः = अतात्त्विकोऽन्यथाभावः । शब्दादिप्रपञ्चः = नामरूपात्मकं जगत् कार्यरूपं जायते इत्यर्थः । तथा च अद्वैतवेदान्तिनां मते न कार्यात्मकं कारणं सिद्धयति, यतः सता कारणेन सहाऽसतः कार्यस्य तादात्म्यानुपपत्तेरित्यत एव वेदान्तिभिश्चतुर्थो मिथ्यात्वप्रकार आद्रियते, तत्र मिथ्याभूतस्य कार्यस्य ब्रह्मणा सह कल्पिततादात्म्यस्य स्वीकारेऽपि वास्तविकतादात्म्यस्य सर्वथाऽसम्भवात् इति नैतन्मते प्रधानसिद्धिरिति भावः । एतदेव शब्दान्तरेण स्पष्टयति—**तथापीति** । तथा च कारणस्य सद्रूपतया कार्यस्य मिथ्यात्वात् सतः सज्जायते इति सांख्यमतस्याऽसिद्धत्वात् प्रधानं नैव सिद्धयतीत्यर्थः ।

भूत जो शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध हैं, तत् स्वरूप है, ये स्थूलपृथिवी आदि में स्थूल हैं और सूक्ष्मतन्मात्राओं में सूक्ष्म हैं, अतः तादृश शब्दादिस्वरूप इस जगत् का कारण भी वैसा ही त्रिगुणात्मक = सत्त्व-रज-तमस्वभाववाले प्रधान = प्रकृति को ही होना चाहिए ।

(३) यदि बौद्धमतानुसार असत् = अभाव रूप कारण से सत्कार्य की उत्पत्ति मानते हैं तो असत्, अतएव निरुपाख्य = धर्मशून्य = अनिर्वचनीय कारण सुख-दुःख आदि स्वरूप शब्द-स्पर्श आदि कार्यों से अभिन्न कैसे हो सकेगा ? क्योंकि सत् और असत् में तादात्म्य = अभेद कभी भी नहीं हो सकता है । कारण असत् = अभाव है और कार्य सत् = भावरूप है । भाव और अभाव में अभेद सर्वथा बाधित है ।

(४) अद्वैतवेदान्तमतानुसार एक सत् ब्रह्म का ही विवर्त = अतात्त्विकरूप यह शब्दादिप्रपञ्च = नामरूपात्मक कार्यभूत जगत् है । तथापि इस सिद्धान्तानुसार भी सत् कारण से सत्कार्य की उत्पत्ति वाला सिद्धान्त सिद्ध नहीं हो पा रहा है, क्योंकि यह अद्वैतब्रह्म प्रपञ्चात्मक नहीं है और न हो सकता है; कारण कि ब्रह्म सत्य है और जगत् मिथ्या है और अप्रपञ्च (निर्गुण) ब्रह्म की यदि प्रपञ्चात्मक रूप से प्रतीति

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(५) येषामपि कणभक्षाक्षचरणादीनां सत एव कारणादसतो जन्म, तेषामपि सदसतोरेकत्वानुपपत्तेर्न कार्यात्मकं कारणमिति न तन्मते प्रधानसिद्धिः। अतः प्रधानसिद्ध्यर्थं प्रथमं तावत्सत्कार्यं प्रतिजानीते।

असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसम्भवाभावात्।
शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत् कार्यम् ॥ ९ ॥

ननु 'तदनन्यत्वमारम्भणशब्दादिभ्यः' इति सूत्रेण भगवान् व्यासः कार्यकारणयोरनन्यत्वप्रतिपादनात् कथं नाऽद्वैतवेदान्तिनां नये तादात्म्यं स्यादित्यत्राह—**न चास्याऽद्वयस्येति**। अद्वयस्य=सर्वथा द्वैतविवर्जितस्य ब्रह्मणः। प्रपञ्चात्मकत्वं=शब्दादिप्रपञ्चरूपता। न चास्ति। अप्रपञ्चस्य=प्रपञ्चशून्यस्य ब्रह्मणः। प्रपञ्चात्मकतया=अविद्याकल्पितप्रपञ्चात्मकत्वेन। (जायमाना) प्रतीतिः।

(५) न्याय-वैशेषिकमतेऽपि न प्रधानं सिद्ध्यतीति दर्शयति—**येषामपीति**। कणम्=अन्नकणम्, भक्षयतीति कणभक्षः=कणादः। अक्षं=चक्षुः, चरणे यस्येति अक्षचरणः=गोतमः। आदिना कार्यकारणयोस्तादात्म्यानङ्गीकर्तारः सर्वेऽपि ग्राह्यास्तेषां मतेऽपि सदसतोस्तादात्म्यानुपपत्तेर्न प्रधानं सिद्ध्यतीति तत्साधनायाह—**असदकरणादिति**। १. असदकरणात्, २. उपादानग्रहणात्, ३. सर्वसम्भवाभावात्, ४. शक्तस्य शक्यकरणात्, ५. कारणभावाच्च, कार्यं सदिति सिद्ध्यति स्वोत्पत्तेः पूर्वमपि।

मानते हैं तो वह भ्रम है, क्योंकि प्रपञ्च अविद्याकल्पित है। अतः इस मत में भी कार्य-कारण का अभेद नहीं बनता है।

(५) और जिन कणभक्ष=कणाद तथा अक्षचरण=अक्षपाद=गौतम आदि के मतानुसार सत् कारण परमाणुओं से असत् कार्य द्व्यणुक तथा जगत् की उत्पत्ति होती है, इसलिए उनके मत में भी सत् और असत् अर्थात् कारण और कार्य में एकत्व=अभेद सर्वथा अनुपपन्न है; अतः उस मत में भी प्रधान की सिद्धि नहीं हो पा रही है। इसलिए प्रधान की सिद्धि के लिए सर्वप्रथम सत्कार्यवाद अर्थात् उत्पत्ति के पूर्व में भी कार्य सत्=विद्यमान है, इस वाद की प्रतिज्ञा करते हैं—'असदकरणात्' इस ग्रन्थ से।

कारिकार्थ—'असदकरणात्'—सांख्य 'असदकरणात्' इत्यादि पाँच हेतु से उत्पत्ति के पूर्व में भी 'कार्य सत् है' यह सिद्ध करता है, अर्थात् जैसे असत्=सत्ताविहीन शश-शृङ्गादि का कोई कारण नहीं होता है, वैसे ही उत्पत्ति के पूर्व में भी असत् कार्य का कोई भी कारण नहीं हो सकेगा। अतः उत्पत्ति के पश्चात् जैसे कार्य को सत् मानते हो, ऐसे ही उत्पत्ति के पूर्व भी सत् ही मानना चाहिए। 'उपादानग्रहणात्'—उपादानकारण के साथ कार्य का ग्रहण=सम्बन्ध होता है, जैसे तन्तुओं के साथ पट का। असत् कार्य का कारण से सम्बन्ध सर्वथा असंभव है, 'अतः कार्यं सत् उत्पत्तेः प्रागपि'। 'सर्वसम्भवाभावात्' अर्थात् सब कार्यों का सम्भव=उत्पत्ति सभी कारणों से नहीं होता है, जैसे तन्तुओं से घट का। यदि कार्य असत् है अर्थात् असत् की भी उत्पत्ति

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(६) 'असदकरणात्' इति। 'सत् कार्यम्' कारणव्यापारात् प्रागपीति शेषः। तथा च न सिद्धसाधनं नैयायिकतनयैरुद्भावनीयम्।

(६) कस्मात्? असदकरणात्=असतः=शशश्रृङ्गतुल्यस्य स्वोत्पत्तेः प्राग-वर्तमानस्य, अकरणात्=उत्पत्त्यसम्भवात्। अत्र व्यतिरेकव्याप्तिविशिष्टो हेतुः, अर्थात् यद् असत् तत् न करणं, (तद् अकरणम्=अनुत्पन्नम्) यथा शशश्रृङ्गं वन्ध्यापुत्रादि-कञ्च। यच्चोत्पन्नं तत् सत्, यथा घट-पटादिः। अनुमानन्तु—कार्यमुत्पत्तेः प्रागपि सत् असदकरणात्।

उपादानग्रहणात्—उपादानैः=कारणैः, सह, ग्रहणात्=कार्यस्य सम्बन्धात्। सम्बन्धश्च कार्यस्य सत एव भवितुमर्हति। घटात्मककार्यार्थी पुरुषस्तस्योपादानभूत-मृत्तिकाया ग्रहणं करोति, यथा वा दधिरूपकार्यार्थी पुरुषः तदुपादानस्य=क्षीरस्यैव ग्रहणं करोति, नान्यस्य, अत उपादानग्रहणादपि हेतोरुत्पत्तेः प्राक् कारणे कार्यमस्तीति सिद्धयति। अत्रानुमानञ्च कार्यं सत् उपादानग्रहणात्।

सर्वसम्भवाभावात्—सर्वेषां कार्याणां सर्वत्र सम्भवाऽभावात्, अर्थात् कस्य-चित्कार्यस्योत्पत्तये एव किमपि कारणमेवोपादीयते, न तु सर्वस्योत्पत्तये सर्वमुपादीयते। उत्पत्तेः प्राक् कार्यस्याऽसत्त्वपक्षे नाऽयं नियमः सङ्गच्छते, घटोत्पत्त्यर्थं मृत्तिका गृह्यते न तन्त्वादि, यदि उत्पत्तेः प्रागसदेव कार्यं स्यात् तदा कार्यासत्त्वस्य सर्वत्राविशेषात् तन्त्वादिभ्योऽपि घटः स्यात्, न च भवति तस्मान्न कार्यमसत्। सत्त्वपक्षसमाश्रयणे तु घटस्य मृत्तिकायामेव सत्त्वात् मृत्तिकात एव घटोत्पत्तिः सम्भवति न तन्त्वादिभ्य इति।

हो तो तन्तुओं से घट एवं मिट्टी से पट उत्पन्न होने लग जाय। 'शक्तस्य शक्यकरणात्' का नियम है—जो कारण जिस कार्य को उत्पन्न करने की शक्ति रखता है, वह कारण स्वीय शक्ति के आश्रयीभूत उसी कार्य का करण=असाधारण कारण होता है। असत् कार्य को उत्पन्न करने की शक्ति ही किसी कारण में नहीं है, अतः कार्य सत् ही है। 'कारणभावात्'—कार्य और कारण में अभेद है, अतः यदि कार्य को उत्पत्ति के पूर्व असत् माना जायेगा तो कार्य और कारण का तादात्म्य अनुपपन्न हो जायेगा, अतः उत्पत्ति के पूर्व भी कार्य सत् ही है।

(६) प्रस्तुत कारिका के अन्त में जो 'सत् कार्यम्' है, यह पक्ष साध्य का उल्लेख है। अर्थात् यहाँ 'कार्य' पक्ष है और 'सत्त्व'=अस्तित्व साध्य है और अवशिष्ट पाँच हेतु हैं। 'सत् कार्यम्' यहाँ 'कारणव्यापारात् प्रागपि' इतना और जोड़ देना चाहिए, अर्थात् कारण के व्यापार से पूर्व भी अर्थात् उत्पत्ति के पूर्व भी कार्य अपने कारण में विद्यमान है। अर्थात् उत्पत्ति के पूर्व कार्य कारणात्मना विद्यमान है और बाद में कार्यात्मना, ये ही दो कार्य की स्थिति हैं।

'तथा च' नैयायिकों के शिष्य 'कार्यं सत्' इस सांख्यानुमान में सिद्धसाधन दोष का उद्भावन करते थे। उनका कहना था कि कारणव्यापार के पश्चात् तो कार्य की सत्ता=कार्य-सिद्ध है ही, उसी को आप (सांख्य) फिर सिद्ध करते हो तो यही सिद्ध-साधन है। इसी के निराकरण की दृष्टि से वाचस्पतिमिश्र ने कहा—'कारणव्यापारात्

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(७) यद्यपि बीजमृत्पिण्डादिप्रध्वंसानन्तरमङ्कुरघटाद्युत्पत्तिरुपलभ्यते, तथाऽपि न प्रध्वंसस्य कारणत्वम्, अपि तु भावस्यैव बीजाद्यवयवस्य। अभावात्तु भावोत्पत्तौ तस्य सर्वत्र सुलभत्वात् सर्वदा सर्वकार्योत्पादप्रसङ्ग इत्यादि न्यायवार्तिकतात्पर्यटीकायामस्माभिः प्रतिपादितम्।

(८) प्रपञ्चप्रत्ययश्चाऽसति बाधके न शक्यो मिथ्येति वदितुमिति कणभक्षाक्षचरणमतमवशिष्यते। तत्रेदं प्रतिज्ञातम्—'सत् कार्यम्' इति। अत्र हेतु-

---

(७) बौद्धमतं दूषयति—**यद्यपीति**। यद्यपीति अनास्थायां वर्तते। अर्थात् यथा क्वचिदभावस्य कारणत्वं तथैव क्वचिद् भावस्यापि। अङ्कुरोत्पत्तौ बीजध्वंसो यथा कारणं, मृत्पिण्डध्वंसो वा घटोत्पत्तौ यथा कारणं भवति, न तथा सर्वत्रेत्यत आह—**तथापीति**। पटाद्युत्पत्तौ अध्वस्तानामेव तन्तूनां कारणत्वम्, एवमध्वस्ता एव परमाणवो द्व्यणुकमुत्पादयन्ति। अङ्कुराद्युत्पत्तिस्थलेऽपि न बीजध्वंसस्य कारणत्वं, किन्तु बीजाद्यवयवानामेवेत्यत आह—**अपि तु भावस्यैवेति**। अभावत्वेनाऽभावस्य भावोत्पत्तौ कारणत्वे आपत्तिमपि दर्शयति—**अभावात्त्विति**। तस्य=अभावस्य, यस्य कस्याप्यभावस्य। सर्वत्र सुलभत्वात्=मरुभूम्यादावपि सुलभत्वात्, तथा च तत्राप्यङ्कुरोत्पादप्रसङ्गः स्यात्। आकाशेऽपि घटपटाद्युत्पत्तिः स्यात्। तदेवोक्तं कौमुद्यां—**सर्वत्र सर्वकार्योत्पादप्रसङ्ग** इति। यद्यभावाद् भावः समुत्पद्येत तर्हि अभावत्वाविशेषात् कारणत्वविशेषाङ्गीकारो व्यर्थः। उपमृदितानां बीजादीनां योऽभावस्तस्य, कूर्मरोम-वन्ध्यापुत्रादीनाञ्च निःस्वभावत्वाऽविशेषात् अभावत्वे नास्ति कश्चिद् विशेषः, येन तन्त्वादिभ्य एव पटो जायते न कपालादिभ्य इति नियमोऽपि कथं सङ्गच्छेत ? लोकेऽपि क्वचिदभावाद् भावोत्पत्तिर्नाऽनुभूयते। नापि च तदुपपत्तिमेव पश्यामः।

(८) अद्वैतवेदान्तिमते दोषमाह—**प्रपञ्चप्रत्ययश्चेति**। जगदात्मकप्रपञ्चस्य यः, प्रत्ययः=प्रत्यक्षानुभवः। असति बाधके=बाधकप्रमाणेऽविद्यमाने सति। **मिथ्येतीति**।

प्रागपि' अर्थात् कारणव्यापार के पश्चात् जैसे कार्य सत् है, ऐसे ही कारणव्यापार के पूर्व में भी कार्य सत् है, यही सांख्य का कथन है, अतः हमारे 'सत् कार्य' साधन में दोषोद्भावन न करें, अर्थात् सिद्धसाधन दोष का उद्भावन न करें।

(७) 'यद्यपि बीजमृत्पिण्डादीति' बौद्ध का कहना है कि बीज-ध्वंस एवं मृत्तिकापिण्ड-ध्वंस के पश्चात् ही क्रमशः अंकुर तथा घटोत्पत्ति देखने में आती है, अतः अभाव से भाव की उत्पत्ति माननी चाहिए; बौद्ध का यह कथन ठीक नहीं। तथापि सांख्य कहता है कि वहाँ ध्वंस कारण नहीं है, किन्तु अंकुरोत्पत्ति में भावभूत बीजावयव ही कारण है और घटोत्पति में मृत्तिकावयव कारण है। और यदि अभाव से भावकार्य की उत्पत्ति मानेंगे तो वह सर्वत्र सुलभ है, अतः सर्वदा सर्वकार्योत्पादप्रसङ्ग होने लग जायेगा, इत्यादि विषय का हमने न्यायवार्तिक-तात्पर्यटीका में प्रतिपादन किया है।

(८) पूर्वोक्त बौद्धमत के खण्डन के बाद अब अद्वैतवेदान्त मत का खण्डन करते हैं—**'प्रपञ्चप्रत्ययश्च'** इति। अर्थात् प्रपञ्च प्रत्यय का जब तक कोई प्रबल

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

माह—'असदकरणात्' इति । असत् चेत् कारणव्यापारात् पूर्वं कार्यम्, नाऽस्य सत्त्वं कर्त्तुं केनाऽपि शक्यम् । न हि नीलं शिल्पिसहस्रेणाऽपि पीतं कर्त्तुं शक्यते ।

(९) 'सदसत्त्वे घटस्य धर्मौ' इति चेत्, तथाऽपि असति धर्मिणि न तस्य

जगदात्मकप्रपञ्चस्य प्रत्यक्षतः प्रमानुभूतस्य मिथ्यात्वं नैव वदितुं शक्यते । तदुक्तम्—

'तस्माद् यन्नास्ति नास्त्येव यत्त्वस्ति परमार्थतः' ।

अर्थात् शशशृङ्गवन्ध्यापुत्रादिकं यन्नास्ति तन्नास्त्येव, यस्तु घटपटादिरूपो जगदात्मकप्रपञ्चोऽस्ति तस्यास्तित्वं पारमार्थिकं स्वीक्रियते । अपि च दोषजन्यः शुक्तौ 'इदं रजतम्' इति मिथ्याप्रत्ययः अदुष्टेन्द्रियात्मकप्रत्यक्षप्रमाणबलेन नेदं रजतमित्यादिस्वरूपेण बाध्यते, नहि तथाऽयं जगदात्मकप्रपञ्चः केनापि प्रबलप्रमाणेन बाधितो भवति, अतो न मिथ्याऽपि तु सत्य एव । अपि च—वाचारम्भणश्रुतिः कार्यकारणयोस्तादात्म्यं व्यवस्थापयति, तु कार्यस्य मिथ्यात्वं प्रतिपादयति । 'घटेन जलमाहर' इत्यादिव्यवहारेणापि प्रपञ्चस्य सत्यता प्रमीयते ।

इदानीं न्यायमतं खण्डयति—**कणभक्षाक्षचरणेति** । कणभक्षः=कणादः, अक्षचरणः=गोतमः, तस्य मतम्='सतोऽसज्जायते' इति मतम् । अवशिष्यते । खण्डनार्थमिति शेषः । तत्र=निमित्ते सप्तमी, न्याय-वैशेषिकमतनिरासार्थमित्यर्थः । स्वीयप्रतिज्ञातमर्थं साधयति—'**असदकरणात्**' इति हेतुना । अर्थात् 'कार्यं सत् असदकरणात्' इत्यनुमानरूपः प्रतिज्ञातार्थः फलितः । अस्य=असत्कार्यस्य । केनापि=केनापि साधनेन ।

(९) न्यायवैशेषिकमतेन समर्थितं निराकरोति—**सदसत्त्वे इति** । तथा चोत्पत्तेः प्राग् घटोऽसन्निति असत्त्वं तद्धर्मः, उत्पत्त्यनन्तरञ्च घटः सन्निति सत्त्वमपि तद्धर्मः,

---

बाधक प्रमाण न हो तब तक उसे मिथ्या कभी भी नहीं कहा जा सकता है । अब कणभक्ष=कणाद और अक्षचरण=गोतम के 'सतः असज्जायते' इस मत के खण्डन के लिए और अवशिष्ट रह गया है । वहाँ न्याय-वैशेषिक के मतखण्डनार्थ मूलकार ईश्वरकृष्ण ने प्रतिज्ञा की है कि—'सत् कार्यम्' । उसमें न्यायमत के खण्डनार्थ अथवा 'सत्कार्य'-साधनार्थ प्रथम हेतु है—'असदकरणात्' । अर्थात् कारणव्यापार से पूर्व=उत्पत्ति से पूर्व यदि कार्य असत् है तो असत् को सत् कोई भी नहीं कर सकता है । जैसे हजार शिल्पी=कारीगर भी नील=नीलरंग को पीत नहीं कर सकते हैं ।

(९) प्रश्न—नैयायिक कहता है कि जैसे एक ही घट पाक के पूर्व श्याम और वही पाक के बाद रक्त वर्ण देखने में आता है अर्थात् श्यामत्व, रक्तत्व दोनों धर्म उसी एक घट में रहते हैं । वैसे ही कारणव्यापार=उत्पत्ति के पूर्व घट असत् है और उसके बाद वही घट सत् है, अतः सत्त्व और असत्त्व दोनों ही घट के धर्म हैं, ऐसा ही क्यों न मान लिया जाय ?

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

धर्म इति सत्त्वं तदवस्थमेव, तथा च नाऽसत्त्वम् । असम्बद्धेनाऽतदात्मना चाऽसत्त्वेन कथमसन् घटः ?

(१०) तस्मात् कारणव्यापारादूर्ध्वमिव ततः प्रागपि सदेव कार्यमिति ।

अतः सत्त्वासत्त्वे व्यवस्थितविषयौ धर्मावित्यर्थः । निराकरोति—**तथापीति** । तथापि= सदसत्त्वयोर्धर्मयोः स्वीकारेऽपि । **असति धर्मिणीति** । धर्मिणोऽभावे सत्त्वधर्मानुपपत्त्या धर्मिसत्त्वं सुतरां सिद्धयति । सत्त्वं तदवस्थमेव = उत्पत्तेः प्रागपि कार्यस्य सत्त्वं स्वीकार्यम् । एवञ्च न न्याय-वैशेषिकाभिमतं कार्यस्यासत्त्वं सिद्धयति ।

किञ्च—उत्पत्तेः पूर्वं 'घटोऽसन्' इति भवत्कथनं (न्याय-वैशेषिककथनं) न सङ्गच्छते, इत्याह—**असम्बद्धेनेति** । धर्मिणा सह असम्बद्धेन । अर्थात् न्याय-वैशेषिकमते धर्मधर्मिणोर्भेदात् समवायादिना सम्बन्धेनैव तयोराश्रयाश्रयिभावो भवति, सांख्यनये च तादात्म्येन धर्मेणेत्यस्ति विशेषः । अतदात्मना=अघटात्मना, घटभिन्नेनेत्यर्थः । घटोत्पत्तिप्राक्कालावच्छेदेन घटस्याऽविद्यमानत्वात् । असत्त्वेन = असत्त्वधर्मेण । असन् घटः=घटस्वरूपम् असत्, इत्यर्थो वाच्यः । स च सर्वथाऽसम्भवी, यतोऽसता घटेन सहाऽसत्त्वरूपधर्मस्य कथमपि सम्बन्धो नहि भवितुमर्हति । तथा च धर्मिसम्बद्धेनैव विद्यमानेन धर्मेण तदाश्रयत्वनियमान्नासम्बद्धेन, नाऽतदात्मना वाऽसत्त्वेन धर्मेण तदाश्रयत्वं सम्भवतीति भावः ।

(१०) फलितार्थमाह—**तस्मादिति** । ऊर्ध्वम् = कार्योत्पत्त्यनन्तरम् । प्रागपि =

उत्तर—सांख्य कहता है यदि ऐसा है तो उस शशश्रृङ्ग के समान असत् धर्मी घट, पट आदि में सत्त्व तथा असत्त्व ये धर्म कैसे रह सकेंगे, जब कि धर्मी ही स्वयं अविद्यमान=अस्तित्वशून्य है, अतः धर्मी घट, पट आदि को सत् ही मानना होगा, असत् नहीं ।

सांख्य नैयायिक से कहता है कि दूसरी बात यह है कि उत्पत्ति के पूर्व यदि घट को असत् मानते हो तो उस समय 'असन् घटः' यह प्रतीति होनी चाहिए । परन्तु यह प्रतीति न तुम्हारे यहाँ बनती है और न हमारे यहाँ, क्योंकि न्यायमत में धर्म और धर्मी का भेद होने से समवाय आदि सम्बन्ध से सम्बद्ध धर्म के साथ धर्मी का आश्रया-श्रयी भाव बनता है । परन्तु उत्पत्ति के पूर्व यदि घट असत् है अर्थात् सर्वथा असम्बद्ध है, तब असम्बद्ध उस घटात्मक धर्मी के साथ असत्त्वरूप धर्म को लेकर 'असन् घटः' अर्थात् 'असत्त्वरूपधर्माश्रयो घटः' यह आश्रयाश्रयीभाव कथमपि नहीं बन सकता है । क्योंकि धर्मी में जब धर्म रहेगा, तभी उन दोनों का आश्रयाश्रयीभाव बन सकेगा । किन्तु जब धर्मी ही असत् होने के कारण स्वयं सत्ताविहीन है तब उसमें असत्त्वरूप धर्म रहेगा कैसे ? अतः घट-पटादिरूप कार्य को उभयथा अर्थात् उत्पत्ति के पूर्व तथा पश्चात् सत् ही मानना होगा ।

ऐसे ही हमारे=सांख्य के मतानुसार भी 'असन् घटः' यह प्रयोग नहीं हो सकता है, वही कहा गया है—'अतदात्मना चे'ति भाष्य के द्वारा ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

कारणाच्चाऽस्य सतोऽभिव्यक्तिरेवाऽवशिष्यते। सतश्चाऽभिव्यक्तिरुपपन्ना। यथा पीडनेन तिलेषु तैलस्य, अवधातेन धान्येषु तण्डुलानाम्, दोहनेन सौरभेयीषु पयसः। असतः करणे तु न निदर्शनं किञ्चिदस्ति। न खल्वभिव्यज्यमानं चोत्पद्यमानं वा क्वचिदसद् दृष्टम्।

(११) इतश्च कारणव्यापारात् प्राक् सदेव कार्यम्—'उपादानग्रहणात्'। उपादानानि—कारणानि, तेषां ग्रहणं—कार्येण सम्बन्धः। उपादानैः कार्यस्य

उत्पत्तेः प्रागपि। सदेव कार्यमित्यभ्युपगम्यताम्। कारणात्=कारणसामग्रीतः। अस्य=सतः कार्यस्य। अभिव्यक्तिः=आविर्भावमात्रम्। अवशिष्यते=साध्यतयाऽवशिष्यते, नोत्पत्तिरपीति भावः।

एतदेव सुस्पष्टयति—**सतश्चाऽभिव्यक्तिरिति**। उत्पत्तेः पूर्वं सत एव वस्तुनः पश्चादभिव्यक्तिर्जायते। सतोऽभिव्यक्तिं दृष्टान्तयति—**यथा पीडनेनेति**। उत्पत्तेः पूर्वमसतोऽभिव्यक्तौ दृष्टान्ताभावं दर्शयति—**असतः करणे त्विति**। करणे=अभिव्यक्तौ। निदर्शनं=दृष्टान्तः। तदेव विशदयति—**न खल्विति**। 'खलु' इति एवकारार्थकः। तथा च यद् वस्तु असत् तद् वस्तु सांख्यमतेनाऽभिव्यज्यमानं न्यायमतेन चोत्पद्यमानं नैव क्वचिद् दृष्टम्, यथा वन्ध्यापुत्रादिः।

(११) उत्पत्तेः प्राक् कार्यं सदित्यत्र हेत्वन्तरमाह—**इतश्च कारणेति**। इतः=उपादानग्रहणादिति हेतोरपि। सदेव कार्यम्। सिद्धमिति शेषः। ग्रहणशब्दस्य सम्बन्धरूपमर्थमाह—**ग्रहणं=कार्येण सम्बन्ध इति**। उपादानग्रहणादित्यस्य हेतोरदुष्टत्वं

---

(१०) प्रश्न—कारणव्यापार=उत्पत्ति के पूर्व कार्य सत्=विद्यमान है, तब कारण की क्या आवश्यकता है ?

उत्तर—'**कारणाच्चे**'**ति**। अर्थात् कारण से इस सत् कार्य की अभिव्यक्ति मात्र शेष रह जाती है और अभिव्यक्ति सत् की ही होती है, यह उपपत्ति=प्रमाण सिद्ध है। जैसे तिलों के अन्दर तैल पहिले से ही विद्यमान है, किन्तु पीडनरूप कारण से उसकी=तैल की अभिव्यक्ति मात्र हो जाती है। ऐसे ही धानों के अन्दर विद्यमान तण्डुल=चावलों की अभिव्यक्ति अवघात=कूटने से होती है एवं गौओं के अन्दर विद्यमान दूध की अभिव्यक्ति दोहनरूप कारण से होती है और उत्पत्ति के पूर्व यदि कार्य को असत् मानते हैं तो उसके कारण=अभिव्यक्ति में कोई भी निदर्शन=दृष्टान्त नहीं है। इसी को स्पष्ट करते हैं—'**न खल्विति**'। अर्थात् अभिव्यक्ति के योग्य एवं उत्पत्ति के योग्य वस्तु कहीं भी असत्=अस्तित्वशून्य नहीं देखने में आयी। अतः उत्पत्ति के पश्चाद्वत् पूर्व भी कार्य को सत् मानो।

(११) '**इतश्च**' **इति**। कारणव्यापार से पूर्व में सत् ही कार्य है, यह 'उपादानग्रहणात्' इस हेतु से भी सिद्ध है। 'उपादान' शब्द का अर्थ है—'समवायिकरण' और 'ग्रहण' शब्द का अर्थ है—'कार्य के साथ सम्बन्ध'। अर्थात् उपादानकारणों के साथ जो कार्य का सम्बन्ध, यही 'उपादानग्रहणात्' का अर्थ है। इस विषय में इतना कहना और

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

सम्बन्धादिति यावत्। एतदुक्तं भवति—कार्येण सम्बद्धं कारणं कार्यस्य जनकम्, सम्बन्धश्च कार्यस्याऽसतो न सम्भवति, तस्मादिति।

स्यादेतत्, असम्बद्धमेव कारणैः कार्यं कस्मान्न जन्यते ? तथा चाऽसदेवोत्पत्स्यत इत्यत आह—'सर्वसम्भवाभावात्' इति। असम्बद्धस्य जन्यत्वे असम्बद्धत्वा अविशेषेण सर्वं कार्यजातं सर्वस्माद्भवेत्। न चैतदस्ति, तस्मान्नाऽसम्बद्धमसम्बद्धेन जन्यते, अपि तु सम्बद्धं सम्बद्धेन जन्यत इति। यथाऽऽहुः सांख्यवृद्धाः—

'असत्त्वे नाऽस्ति सम्बन्धः कारणैः सत्त्वसङ्गिभिः।
असम्बद्धस्य चोत्पत्तिमिच्छतो न व्यवस्थितिः॥' इति।

सम्पादयितुमाह—**एतदुक्तमिति**। कार्येण सम्बद्धमेव कारणं कार्यं जनयति, सम्बन्धश्च अभेदापरपर्यायिभूतस्तादात्म्यरूपः, स च सत्कारणस्य सता कार्येण सहैव भवितुमर्हति नासता, अतः सदेव कार्यं स्वीकार्यम्।

तृतीयहेतोरवतरणिकामाह—**स्यादेतदिति**। कारणैः=उपादानकारणैः (तन्त्वादिभिः—कपालादिभिः)। कस्मात्=कस्माद् बाधकात्। तथा च बाधकाभावात् असदेव कार्यं कथन्नोत्पद्यते ? इत्यत आह—**सर्वसम्भवाभावादिति**। तन्त्वादिकारणातिरिक्तेषु सर्वेषु अधिकरणेषु पटादिकार्यस्य यः सम्भवः=प्रादुर्भावः, तदभावात् असम्बद्धकार्यं नैव कदापि भवितुमर्हतीति भावः। विपक्षबाधकानुकूलतर्कप्रदर्शनपरं 'सर्वसम्भवाभावात्' इति हेतुपदं व्याचष्टे—**असम्बद्धस्य जन्यत्वे इति**। तथा च सांख्यमते 'सर्वस्मात् सर्वकार्योत्पत्तिप्रसङ्गरूपोऽनुकूलतर्कोऽस्ति'। भवन्मते (न्यायवैशेषिकमते) च 'असम्बद्धान्येव कारणानि कार्यं जनयन्ति' इत्यत्र नास्ति कश्चित् अनुकूलतर्कः, इत्थञ्च

आवश्यक है कि कार्य के साथ सम्बद्ध कारण ही कार्य का जनक होता है और सम्बन्ध असत्=अविद्यमान कार्य का कदापि सम्भव नहीं। अतः कार्य को उत्पत्ति के पूर्व भी सत् ही मानना होगा।

शङ्का—'स्यादेतत्'—यह कहना तो आप=सांख्य का बहुत ठीक है, परन्तु असम्बद्ध कार्य ही कारणों से क्यों नहीं उत्पन्न होता है ? इससे असत् ही कार्य उत्पन्न हो जायेगा।

समाधान—**'सर्वसम्भवाभावात्' इति**। सभी कार्यों की उत्पत्ति सभी कारणों से नहीं होती है। तात्पर्य यह है कि असम्बद्ध कार्य की उत्पत्ति मान लेने पर असम्बद्धत्व तो सर्वत्र अविशेष=समान है, तव तो सभी कार्य सभी कारणों से होने लग जायेंगे, तन्तुओं से घट तथा कपाल=मिट्टी से पट इत्यादि। 'न चैतदस्ति' ऐसा अनुभव में नहीं आता है। अतः असम्बद्ध कार्य की असम्बद्ध कारण से उत्पत्ति नहीं होती है, किन्तु सम्बद्ध कार्य की ही सम्बद्ध कारण से उत्पत्ति होती है। इस विषय में वृद्ध=सांख्य विद्वानों की सम्मति वतलाते हैं—**'असत्त्वे' इति**। असत्त्वे=कार्य को उत्पत्ति के पूर्व असत्=अविद्यमान मानने पर सत्त्वसङ्गी=सत्ताविशिष्ट कारणों के साथ

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(१२) स्यादेतत्, असम्बद्धमपि सत् तदेव करोति यत्र यत् कारणं शक्तं, शक्तिश्च कार्यदर्शनादवगम्यते। तेन नाव्यवस्थेत्यत आह—'शक्तस्य शक्यकरणात्' इति। सा शक्तिः शक्तकारणाश्रया, सर्वत्र वा स्यात्, शक्ये एव वा ? सर्वत्र चेत्, तदवस्थैवाऽव्यवस्था। शक्ये चेत्, कथमसति शक्ये तत्र ? इति वक्तव्यम्। शक्तिभेद एव एतादृशो यतः किञ्चिदेव कार्यं जनयेत् न सर्वं-

---

सर्वस्मात् कारणात् सर्वकार्योत्पत्तिप्रसङ्गरूपबाधकदर्शनेन सदेव कार्यं स्वीकार्यम्। अस्मिन्नर्थे वृद्धसम्मतिमाह—**'असत्त्वे नास्ति सम्बन्धः'** इत्यादिः।

(१२) कार्यसम्बद्धं कारणं कारणसम्बद्धमेव कार्यं जनयति इत्युक्तमसहमानस्तार्किकः शङ्कते—**स्यादेतदिति**। असम्बद्धमपि=कार्येण असम्बद्धमपि। शक्तं=शक्तिविशिष्टम्। शक्तौ प्रमाणमाह—**शक्तिश्चेति**। कारणनिष्ठा शक्तिश्चेत्यर्थः। कार्यदर्शनात्=मृदः एव घटो जायते सुवर्णादेव च सौवर्णमाभूषणम्। अवगम्यते=अनुमीयते। तथा चानुमानम्—वह्नौ दाहानुकूला शक्तिरस्ति दाहरूपकार्यजनकत्वात् यन्नैवं तन्नैवं यथा जलमिति। तेन=शक्तिमत एव कारणस्य कार्यजनकत्वाभ्युपगमेन। अव्यवस्था= सर्वस्मात् कारणात् सर्वकार्योत्पत्तिप्रसङ्गरूपा अव्यवस्थितिरित्यर्थः।

'शक्तस्य शक्यकरणात्' इति हेतुमवतार्य तार्किकशङ्कां विकल्प्य निराकरोति—**सा शक्तिरिति**। शक्तकारणाश्रया=शक्तं=कार्यजननसामर्थ्ययोग्यं कारणम् आश्रयो यस्याः सा, कार्यजननशक्तिमति कारणे विद्यमाना या शक्तिः सा शक्तिरित्यर्थः। १. किं= सर्वत्र=सर्वकार्यविषया=किं सर्वेषु कार्येषु स्यादित्यर्थः ? २. शक्ये एव वा ?=उत शक्ये कार्ये एव स्यादित्यर्थः ? तत्राद्यपक्षं दूषयति—**सर्वत्र चेदिति**। सा शक्तिः सर्वत्र चेत्, तर्हि सर्वं कार्यं सर्वस्माद् भवेदित्येवमापत्तिस्वरूपाऽव्यवस्था तदवस्थैव स्यात्।

उन असत् कार्यों का सम्बन्ध=तादात्म्य नहीं हो पायेगा, क्योंकि सांख्यमत में कार्य-कारण का तादात्म्य होता है। दूसरी बात यह भी है कि असम्बद्ध=असत् (कार्य) की उत्पत्ति को चाहने वाले नैयायिकों के मत में कोई भी व्यवस्था नहीं रह जायेगी, अर्थात् तन्तुओं से पट होता है, दूध से दही होता है, मिट्टी से घट होता है—यह व्यवस्था नहीं रह जायेगी। अर्थात् तन्तुओं से घट क्यों न हो ?

(१२) **'स्यादेतत्' इति**। आप=सांख्य का यह पूर्वोक्त कथन ठीक है, किन्तु कार्य से असम्बद्ध होता हुआ भी सत् कारण उसी कार्य को उत्पन्न कर सकेगा जिस कार्य की उत्पादनशक्ति युक्त वह कारण होगा। और उस शक्ति का निश्चय=अनुमित्यात्मक निश्चय कार्य दर्शन से होता है—'कपालं घटोत्पादनशक्तिमद् घटजनकत्वात्'। इससे शक्त कारण ही कार्य का उत्पादक हो सकेगा, सभी कार्य सब कारणों से होने लग जायेंगे—यह अव्यवस्था भी नहीं होगी। इसके खण्डन के लिए चतुर्थ हेतु 'शक्तस्य शक्यकरणात्' का उल्लेख करते हैं—अर्थात् जिस कार्य के उत्पादन में जो कारण शक्त होता है वह कार्योत्पादनात्मिका शक्ति शक्तकारण में ही है, अथवा सर्वत्र है, अथवा शक्य कार्य में है ? यदि सर्वत्र है अर्थात् सभी कार्यों में वह शक्ति है तब तो 'सर्वं कार्यं सर्वस्मात् कारणात् भवेत्' यह अव्यवस्था फिर से लागू हो जायेगी। यदि कहो शक्य-

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

मिति चेत्, हन्त भोः ! शक्तिविशेषः कार्यसम्बद्धो वाऽसम्बद्धो वा ? सम्बद्धत्वे नाऽसता सम्बन्ध इति सत् कार्यम् । असम्बद्धत्वे सैवाऽव्यवस्था, इति सुष्ठूक्तं 'शक्तस्य शक्यकरणात्' इति ।

तन्त्वादिभ्यो घटादीनामुत्पत्त्यापत्तिस्वरूपाऽव्यवस्था स्यात् । 'मृत्तिकात एव घटः, सुवर्णादेव च कटकम्' इति नियमभङ्गः, व्यवस्थाया अनुपपत्तिश्च स्यात् । द्वितीयपक्षं दूषयति—**शक्ये चेदिति** । शक्ये एव सा शक्तिरस्ति इत्युच्यते चेत्तदाऽप्याह—**कथमसति शक्ये इति** । असति=अविद्यमाने शक्ये । वक्तव्यम्=कथं वक्तुं योग्यं स्यात्, न कथमपीत्यर्थः ।

शक्तिरपि कार्यसम्बद्धैव कार्यं जनयति नासम्बद्धेति सांख्यसिद्धान्तमजानन् नैयायिकः शङ्कते—**शक्तिभेद एवेति** । 'सा शक्तिः सर्वत्र वर्तते' इत्यपि वयमङ्गीकुर्मः, परन्तु तथापि सर्वस्मात् सर्वकार्योत्पत्तिप्रसङ्गो नास्ति, यतः शक्तिभेदात् कारणं किञ्चिदेव कार्यं जनयति न सर्वं, येन मृत्तिकात एव घटो जायते न तन्तुभ्यः, एवं तन्तुभ्य एव पटो जायते न कपालादिभ्य इति न कश्चिद्दोषः, तदेवोक्तं—'**किञ्चिदेव कार्यं जनयेदि**'त्यादिः ।

सिद्धान्ती उत्तरयति—**हन्त भोरित्यादिना** । नैयायिककथनस्य दौर्बल्यं दर्शयितुं स्वाभिप्रायस्य च प्राबल्यं सूचयितुं हर्षार्थकं 'हन्त' इत्यव्ययपदम् । 'शक्तिविशेषः कार्यसम्बद्धो वे'ति प्रथमपक्षं दूषयति—**सम्बद्धत्वे इति** । तथा च असता कार्येण सह शक्तेः सम्बन्धो न भवितुमर्हतीति सत्कार्यं सिद्धम् । 'असम्बद्धो वे'ति द्वितीयपक्षं निराकरोति—**असम्बद्धत्वे इति** । यदि स शक्तिभेदः कार्यासम्बद्धः सन् कार्यं जनयति तदा 'सर्वं कार्यं सर्वस्माद् भवेत्' इत्येवंरूपा प्रागुक्ताऽव्यवस्था स्यात् । उपसंहरति—**सुष्ठूक्तमिति** । अर्थात् शक्तं कारणं शक्तिसम्बद्धमेव कार्यं जनयति नासम्बद्धमतः सुष्ठूक्तं=साधूक्तं, शक्तस्य शक्यकरणात् ।

कार्य में ही वह शक्ति है, तब बतलाओ कि कार्य तो आप=नैयायिक के यहाँ असत् है अर्थात् कार्योत्पत्ति के पूर्व अविद्यमान है, तब उसमें वह शक्ति कैसे रहेगी ?

शङ्का—नैयायिक कहता है कि शक्तिभेद=शक्तिविशेष ही ऐसा कारण है जो कुछ ही कार्य को उत्पन्न करता है, सभी कार्य को नहीं, जैसे तन्तुओं के अन्दर विद्यमान वह शक्तिविशेष पटात्मक कार्य को ही उत्पन्न करता है, न कि घटकार्य को । इसी प्रकार सर्वत्र समझ लेना चाहिए ।

समाधान—सांख्य नैयायिक से कहता है कि हमें दुःख के साथ कहना पड़ता है कि वह शक्तिविशेष आपके कार्य से सम्बद्ध है या असम्बद्ध ? यदि वह कारणनिष्ठ शक्तिविशेष कार्य से सम्बद्ध है तो उसका असत् कार्य के साथ सम्बन्ध कैसे हो सकेगा ? अतः कार्य को सत् ही मानना होगा और यदि वह शक्तिविशेष कार्य से असम्बद्ध है तो फिर वही अव्यवस्था हो जायेगी कि सभी कार्य सब कारणों से होने लग जायेंगे, क्योंकि असम्बद्धत्व समान है । अतः ईश्वरकृष्ण ने सत्कार्य को सिद्ध करने के लिए ठीक ही कहा है—'शक्तस्य शक्यकरणात्' ।

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(१३) इतश्च सत्कार्यमित्याह—'कारणभावाच्च'। कार्यस्य कारणात्मकत्वात्। न हि कारणाद्भिन्नं कार्यम्, कारणं च सदिति कथं तदभिन्नं कार्यमसद्भवेत् ?

(१४) अवीताऽनुमानप्रमाणैः कार्यकारणयोरभेदं प्रदर्शयन्। कार्यस्य कारणाभेदसाधनानि च प्रमाणानि—

न पटस्तन्तुभ्यो भिद्यते, तन्तुधर्मत्वात्। इह यद्यतो भिद्यते तत् तस्य धर्मो न भवति, यथा गौरश्वस्य। धर्मश्च पटस्तन्तूनां, तस्मान्नाऽर्थान्तरम्।

उपादानोपादेयभावाच्च नाऽर्थान्तरत्वं तन्तुपटयोः। ययोरर्थान्तरत्वं न

---

(१३) सांख्यमतसिद्धसत्कार्यवादं संस्थापयितुं हेत्वन्तरमप्याह—**इतश्चेति**। **कारणभावाच्चेति**। तथा च 'कार्यम् उत्पत्तेः प्रागपि सत् कारणभावात्=कारणाभिन्नत्वात्'।

(१४) ननु कार्यस्य कारणाभिन्नत्वे न किञ्चित् प्रमाणं नापि युक्तिमनुभवाम इति नैयायिकाशङ्कायां प्रमाणान्याह—**न पटस्तन्तुभ्य इत्यादिः**। अत्र 'पटः पक्षः, न तन्तुभ्यो भिद्यते इति साध्यम्, तद्धर्मत्वादिति हेतुः, तद्धर्मत्वादित्यस्य तन्तुधर्मत्वादित्यर्थो बोध्यः। एतेन उत्पत्तेः प्राक् कार्यस्य सद्रूपतया कारणाभिन्नत्वं दर्शितम्। व्यतिरेकव्याप्तिं दर्शयन् उदाहरणवाक्यमाह—**इह यद्यत इति**। इह=अत्रानुमाने='न पटस्तन्तुभ्यो भिद्यते' इत्याद्यनुमाने इत्यर्थः। यत्=गौः। यतः=अश्वतः। तत्=गौः। तस्य=अश्वस्य। अतो गवाश्वयोर्नाऽभेदः। 'यद् यतो भिद्यते' इति साध्याभावकथनम्। 'तत्तस्य धर्मो न भवती'ति च हेत्वभावसमुल्लेखः। इत्थञ्च व्यापकाभावेन व्याप्याभावः सिद्ध्यतीति नियमात्, प्रकृते व्यापकस्य=तद्धर्मत्वाभावस्य, अर्थात् तन्तुधर्मत्वाभावस्य पटेऽभावात् व्याप्यस्य तन्तुभेदस्याऽभावः सिद्ध्यतीति कार्यकारणयोरभेदः सुस्पष्ट एवेति भावः। पक्षे तद्धर्मत्वरूपहेतोरस्तित्वं प्रदर्शयितुमुपनयवाक्यमाह—**धर्मश्चेति**। निगमनवाक्यमाह—**तस्मान्नार्थान्तरमिति**। तस्मात्=तन्तुधर्मत्वा-

---

(१३) **'इतश्चे'ति**। इस पञ्चम हेतु 'कारणभावात्' से भी सत् कार्य ही सिद्ध होता है। 'कारणभावात्' का अर्थ है—कारणात्मकत्वात्। अर्थात् कार्य कारणात्मक =कारण से अभिन्न है। तब फिर कार्य कारण से भिन्न कदापि नहीं हो सकता है। कारण जब सत् है, तब उससे अभिन्न कार्य असत् कैसे हो सकता है? अतः कार्य को सत् ही मानना होगा।

(१४) कार्य का कारण से अभेद सिद्ध करने वाले प्रमाण ये हैं—पट तन्तुओं से भिन्न नहीं है क्योंकि तन्तुओं का धर्म होने से जो जिससे भिन्न होता है, वह उसका धर्म नहीं होता है; जैसे गौ अश्व का धर्म नहीं है, अतः गौ अश्व से भिन्न है। तन्तुओं का धर्म पट है, इसलिए पट तन्तुओं से अर्थान्तर=भिन्न नहीं है।

उपादान-उपादेयभाव=कार्य-कारणभाव होने से भी तन्तु पट में अर्थान्तरत्व= भेद नहीं है। क्योंकि जिनमें अर्थान्तरत्व=भेद होता है, उनमें उपादान-उपादेय-

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

तयोरुपादानोपादेयभावः, यथा घटपटयोः। उपादानोपादेयभावश्च तन्तुपटयोः। तस्मान्नाऽर्थान्तरत्वम् ।

इतश्च नाऽर्थान्तरत्वं तन्तुपटयोः, संयोगाप्राप्त्यभावात् । अर्थान्तरत्वे हि संयोगो दृष्टो यथा कुण्डबदरयोः, अप्राप्तिर्वा यथा हिमवद्विन्ध्ययोः। न चेह संयोगाप्राप्ती, तस्मान्नाऽर्थान्तरत्वमिति ।

(१५) इतश्च पटस्तन्तुभ्यो न भिद्यते, गुरुत्वान्तरकार्याग्रहणात् । इह

भावाभाववत्त्वात् । नार्थान्तरम् = न तन्तुभिन्नः पटः । अनुमानान्तरमाह—**उपादानोपादेयभावाच्चेति** । उपादीयते = कार्योत्पत्त्यर्थं गृह्यते इत्युपादानम्, कारणमित्यर्थः । उपादेयम् = व्यवहारसम्पादयितुं योग्यम्, कार्यमित्यर्थः, तयोर्भावस्तस्माद् उपादानोपादेयभावात् । कार्यकारणभावादित्यर्थः । नार्थान्तरत्वं तन्तुपटयोरिति । न परस्परं भिन्नत्वं तयोरित्यर्थः । उदाहरणं प्रदर्शयन् व्यतिरेकव्याप्तिं दर्शयति—**ययोरर्थान्तरत्वमिति** । उपनयवाक्यं दर्शयति—**उपादानोपादेयभावश्च तन्तुपटयोरिति** । निगमनवाक्यं दर्शयति—**तस्मान्नार्थान्तरत्वमिति** ।

हेत्वन्तरमपि दर्शयति—**संयोगाप्राप्त्यभावादिति** । संयोगश्च अप्राप्तिश्च तयोरभावात् । 'अप्राप्तयोस्तु या प्राप्तिः सैव संयोग ईरितः' इत्यनुसारात् अप्राप्तयोः प्राप्तिः संयोगः, अप्राप्तिश्च विभागः । इत्थञ्च कार्यकारणयोरभेदसाधकं संयोगानाश्रितत्वात्, विभागानाश्रितत्वाच्चेति हेतुद्वयं फलितम् । इत्यभिप्रायेणैव संयोगं दृष्टान्तमाह—**अर्थान्तरत्वे हीति**। विभागं दृष्टान्तमाह—**अप्राप्तिर्वेति** । हिमाचलविन्ध्याचलयोरप्राप्तिः सार्वकालिकी दृष्टा । उपनयवाक्यमाह—**न चेह संयोगाऽप्राप्तीति** । इह = तन्तुपटयोः । नास्ति संयोगः, नापि विभागो वा वर्तते । निगमनवाक्यं दर्शयति—**तस्मान्नार्थान्तरत्वमिति** । तस्मात् = संयोगानाश्रितत्वात्, विभागानाश्रितत्वाच्च । नार्थान्तरत्वम् = न तन्तुपटयोर्भेदः ।

(१५) कार्यकारणयोरभेदसाधकं हेत्वन्तरमाह—**गुरुत्वान्तरकार्याग्रहणादिति** । 'गुरुणी द्वे' इति विश्वनाथोक्तेर्जलभूम्योर्गुरुत्वं तिष्ठति, तच्च गुरुत्वं भारविशेषः, तदेव गुरुत्वं पतनात्मककर्मकारणमपि । कपालनिष्ठगुरुत्वापेक्षयाऽन्यनिष्ठं गुरुत्वं गुरुत्वान्तरं

भाव नहीं होता है, जैसे घट और पट में । उपादान-उपादेयभाव तन्तु और पट में है, अतः उनमें अर्थान्तरत्व = भेद नहीं है । इस प्रमाण से भी तन्तुपट में अर्थान्तरत्व नहीं है—'संयोगाप्राप्त्यभावात्' अर्थात् संयोग तथा अप्राप्ति = विभाग इनका अभाव होने से तन्तु और पट में भेद नहीं है । क्योंकि अर्थान्तरत्व = भेद होने में संयोग देखा जाता है; जैसे कुण्ड और बदर = बेर में । अथवा अर्थान्तरत्व होने में अप्राप्ति = विभाग देखा जाता है; जैसे हिमालय और विन्ध्याचल में । परन्तु यहाँ तन्तुपट में न न संयोग है और न अप्राप्ति = विभाग है, इसलिए इनमें अर्थान्तरत्व नहीं है ।

(१५) पट तन्तुओं से भिन्न नहीं है, उसमें एक हेतु यह भी है—'गुरुत्वान्तरकार्याग्रहणात्', अर्थात् तन्तुनिष्ठ जो गुरुत्व, उससे न्यूनाधिक्यरूप गुरुत्वान्तर का ग्रहण

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

यद्यस्माद्भिन्नम्, तस्मात् तस्य गुरुत्वान्तरं कार्यं गृह्यते, यथैकपलिकस्य स्वस्तिकस्य यो गुरुत्वकार्योऽवनतिविशेषस्तस्माद्द्विपलिकस्य स्वस्तिकस्य गुरुत्वकार्योऽवनतिभेदोऽधिकः। न च तथा तन्तुगुरुत्वकार्यात्पटगुरुत्वकार्यान्तरं दृश्यते। तस्मादभिन्नस्तन्तुभ्यः पट इति। तान्येतान्यभेदसाधनान्यवीतानि।

एवमभेदे सिद्धे, तन्तव एव तेन तेन संस्थानभेदेन परिणताः पटः, न तन्तुभ्योऽर्थान्तरं पटः।

कथ्यते, तस्य यत् कार्यम् अधोनमनादिरूपं, पतनविशेषावनतिरूपं वा तस्य घटेऽग्रहणात्। तथा च यादृशं गुरुत्वं कपाल-तन्त्वादिकारणेषु अनुभूयते तादृशमेव तत्कार्यं घट-पटादिष्वपि, अतोऽनेनापि हेतुना कार्यकारणयोरभेद एव सिद्ध्यति, तस्मादभिन्नस्तन्तुभ्यः पटः। तत्र दृष्टान्तमाह – **यथैकपलिकस्येति**। अशीति (८०) रक्तिकाया एकं तोलकं भवति, तोलकचतुष्टयञ्चैकं पलम्, तादृशपलपरिमितसुवर्णविनिर्मितस्य 'स्वस्तिक'स्य = स्वस्तिकाख्यभूषणविशेषस्येत्यर्थः। गुरुत्वकार्यः = गुरुत्वजन्योऽधोनमनादिकार्यविशेषः। तस्मात् = एकपलिकस्वस्तिकापेक्षया। द्विपलिकस्य = पलद्वयगुरुत्वपरिमितगुरुत्वावच्छिन्नस्य। अधिकः = भिन्नः।

अस्योपनयवाक्यमाह—**न च तथेति**। तन्तुगुरुत्वकार्यात् = तन्तुगुरुत्वकार्यं यद् अधोनमनादिरूपं तस्मादित्यर्थः। पटगुरुत्वकार्यान्तरम् = पटगुरुत्वस्य कार्यं यद् अधोनमनादिरूपं तत्ततो भिन्नं नेत्यर्थः। निगमनवाक्यमाह—**तस्मादभिन्न इति**। तस्मात् = गुरुत्वान्तरकार्याऽग्रहणादित्यर्थः।

पूर्वं पञ्चमकारिकायाम् 'अस्य चावीतस्य व्यतिरेकिण उदाहरणमग्रेऽभिधास्यते' इत्युक्तं तदेवेदानीं स्मारयति—**तान्येतानीति**। अभेदसाधनानि = कार्यकारणयोरभेदसाधकानि = अभेदप्रमानुमितिकरणानीत्यर्थः। अवीतानि = व्यतिरेकव्याप्तिविशिष्टानि अनुमानानीत्यर्थः।

ननु यदि तन्तुपटयोरभेदः स्वीक्रियते तदा 'इमे तन्तवः, अयञ्च पटः' इत्यादि भेदव्यवहारः कथं स्यादित्यत आह—**एवमभेदे सिद्धे इति**। तेन तेन संस्थानभेदेन =

पटरूप कार्य में नहीं होता है, अतः पट तन्तुओं से भिन्न नहीं है। जो जिससे भिन्न होता है वहाँ कारणनिष्ठ गुरुत्व से कार्यनिष्ठ न्यूनाधिक्यरूप गुरुत्वान्तर का ग्रहण होता है। जैसे एकपलिक स्वस्तिक का जो गुरुत्व कार्य है—अवतिविशेष, उसकी अपेक्षा द्विपलिक स्वस्तिक का गुरुत्व कार्य अवनतिविशेष अधिक होता है। परन्तु तन्तुनिष्ठ गुरुत्वकार्य से पटनिष्ठ न्यूनाधिक्यरूप गुरुत्वान्तर देखने में नहीं आता है, अतः पट तन्तुओं से अभिन्न है। अतएव ये कार्य और कारण में 'गुरुत्वान्तरकार्याग्रहणात्' तथा 'संयोगाप्राप्त्यभावात्' इत्यादि लिङ्गिक = हेतुक तथा अवीत = व्यतिरेकि अनुमानों से अभेदसाधन का प्रदर्शन कर दिया।

इस प्रकार कार्य और कारण में अभेद सिद्ध हो जाने पर तन्तु ही संस्थानभेद = आतानवितानभावापन्नाऽवयवसंयोगविशेष से परिणत = अवस्थान्तर को प्राप्त अर्थात्

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(१६) स्वात्मनि क्रियानिरोधबुद्धिव्यपदेशार्थक्रियाभेदाश्च नैकान्तिकं भेदं साधयितुमर्हन्ति। एकस्मिन्नपि तत्तद्विशेषाविर्भावतिरोभावाभ्यामेतेषाम-

---

आतानवितानभावापन्नाऽवयवसंयोगभेदेनेत्यर्थः। परिणताः=अवस्थान्तरं गताः। फलितार्थमाह—**न तन्तुभ्य इति**। अतः पटो न तन्तुभ्यो भिन्न इत्यर्थः। केवलमवस्थाभेदाद् नामादिभेदव्यवहार उपपद्यते इति तु परमार्थः।

(१६) इदानीं नैयायिका अनुपदमेव वक्ष्यमाणहेतुभिः कार्यकारणयोर्भेदं साधयन्ति। यथा—पटस्तन्तुभ्यो भिन्नः पटीयोत्पत्तिक्रियाभेदात्, पटीयविनाशात्मकनिरोधभेदात्, 'इमे तन्तवः, अयञ्च पटः' इत्यादिज्ञानरूपबुद्धिभेदात्, एवम् 'इह तन्तुषु पटः' इत्यादिव्यवहाररूपव्यपदेशभेदात्, तथा तन्तुभिः पटः सीव्यते, अनन्तरञ्च पटेन शरीरमाच्छाद्यते इत्येवमर्थक्रियाभेदात्, अपि च विभिन्नप्रयोजनजनकत्वनियमरूपार्थक्रियाव्यवस्थाभेदोऽपि कार्यकारणयोर्भेदसाधको हेतुर्बोध्यः। तत्रापि यदि कार्यकारणयोरभेदो बलात् स्वीक्रियते, तदा मृत्तिकाखण्डेन जलाहरणं स्यात्, घटेन भित्तिकानिर्माणं स्यात्, तन्तुभिश्च शरीराच्छादनं स्यादित्याद्यापत्तयो दोषा गले पतिता भविष्यन्तीति वदतां नैयायिकानां मतं खण्डयति—**स्वात्मनीति**। स्वात्मनि=स्वभिन्ने वस्तुनि पटादौ। समाधत्ते—**नैकान्तिकमिति**। अर्थात् प्रागुक्ताः क्रिया-निरोध-बुद्धि-व्यपदेशभेदादयो हेतवो नहि कार्यकारणयोः ऐकान्तिकं=वास्तविकं=पारमार्थिकं भेदं साधयितुमर्हन्तीति भावः। एतेषां क्रिया-निरोध-बुद्धि-व्यपदेशभेदादिहेतूनामौपाधिकभेदस्यैव साधयितुं समर्थत्वात्, न तु पारमार्थिकभेदस्यापि इति तु सांख्यसत्कार्यनिष्कर्षः।

कुत इति जिज्ञासायामाह—**एकस्मिन्नपीति**। अभिन्नेऽपि वस्तुनि तत्तद्विशेषाऽऽविर्भावतिरोभावरूपोपाधिभेदबलेन औपाधिकभेदमाश्रित्यैव प्रागुक्तषड्भिर्हेतुभिः कार्य-

---

पटीय अवस्था को प्राप्त हुए तन्तु ही पट कहलाते है, तन्तुओं से अर्थान्तर=भिन्न पट नहीं है, तन्तु ही पटव्यवहारयोग्यतापन्न हो जाते हैं।

(१६) **'स्वात्मनी'ति**। अब पूर्वोक्त अभेदसाधक सांख्यानुमान=अवीतानुमान में नैयायिक सत्प्रतिपक्षदोष का उद्भावन करते हैं। वे कहते हैं कि इन क्रियाभेद एवं निरोधभेद आदि लिङ्गक पूर्वोपदर्शित अनुमानों से कार्य और कारण में भेद सिद्ध हो रहा है। सांख्य ने पहले 'संयोगाऽप्राप्त्यभावात्' इत्यादि हेतुकानुमानों से कार्य और कारण में अभेद सिद्ध किया था। नैयायिकों का कथन है कि 'क्रियाभेद' आदि दूसरे हेतुकानुमानों से अभेद का अभाव सिद्ध हो रहा है, यही तो सत्प्रतिपक्ष है—'साध्याभावसाधकं हेत्वन्तरं यस्य स सत्प्रतिपक्षः'। सांख्य कहता है कि यह भेद औपाधिक भेद है; ऐकान्तिक=वास्तविक भेद को तुम्हारे अनुमान सिद्ध नहीं कर पा रहे हैं—'नैकान्तिकं भेदं साधयितुमर्हन्ति' इति।

प्रश्न—नैयायिक सांख्य से पूछता है कि क्रियाभेद, निरोधभेद आदि हेतुकानुमान कार्य कारण में ऐकान्तिक=वास्तविक अर्थात् पारमार्थिक भेद नहीं सिद्ध कर सकते हैं, ऐसा क्यों?

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

विरोधात् । यथा हि कूर्मस्याऽङ्गानि कूर्मशरीरे निविशमानानि तिरोभवन्ति, निःसरन्ति चाऽविर्भवन्ति, न तु कूर्मतस्तदङ्गानिन्युपद्यन्ते प्रध्वंसन्ते वा । एवमेकस्या मृदः सुवर्णस्य वा घटमुकुटादयो विशेषा निःसरन्त आविर्भवन्त उत्पद्यन्ते इत्युच्यन्ते, निविशमानास्तिरोभवन्ति विनश्यन्तीत्युच्यन्ते । न पुनरसतामुत्पादः सतां वा निरोधः । यथाऽऽह भगवान् कृष्णद्वैपायनः—

'नाऽसतो विद्यते भावो नाऽभावो विद्यते सतः' । इति । (गी० २।१६)

कारणयोर्भेदः सिद्धयति । एतेषाम् = क्रिया-निरोध-बुद्धि-व्यपदेशभेदादिहेतूनाम् । अविरोधात् = विरोधाभावात् । तथा च तेषां भेदरूपहेतूनां कार्यकारणयोः पारमार्थिकाऽभेदबाधने नास्ति सामर्थ्यम्, औपाधिकभेदसाधनेनैव तेषां चरितार्थत्वात् । विरोधाभावं दर्शयति—**यथाहीत्यादिना** । तत्र दृष्टान्तमुखेन समर्थयति—**कूर्मस्याऽङ्गानीति** । इत्थश्च यथा सतामेव कूर्माङ्गानामाविर्भावतिरोभावौ जायेते, तथैव सत एव पटस्य तन्तुभ्य आविर्भावतिरोभावौ जायेते, सत एव तैलस्य तिलेभ्य आविर्भावतिरोभावौ जायेते । नैयायिकानां ये आविर्भावतिरोभावौ उत्पत्ति-विनाशशब्देनोच्येते । मृदादिभ्य आविर्भूतघटभावा आविर्भवन्त उत्पद्यन्ते इत्युच्यन्ते, एवं मृदादिषु सन्निविशमानाश्च तिरोभावं प्राप्ताः सन्तो घटादयो विनश्यन्तीत्युच्यन्ते, तथा चोक्तम्—एवमेकस्या एव मृदः सुवर्णस्य वा घटमुकुटादयो विशेषा इत्यादिः । **न पुनरिति** । असताम् = अविद्यमानानाम्, अलीकानां वेत्यर्थः । घटादीनां कारणव्यापाराद् उत्पादः, सताम् = विद्यमानानाम्, घटादीनां वा । निरोधः = ध्वंसो, न पुनर्भवितुमर्हतीति शेषः । अस्मिन्नर्थे भगवद्गीतावाक्यं

उत्तर—सांख्य कहता है कि अभिन्न वस्तु में भी अर्थात् तन्तु आदि स्वरूप पृथिवीरूप वस्तु में तुरी, वेमा आदि के व्यापाररूप उपाधि से तत्तद्विशेषधर्म जो पटोत्पत्ति आदि क्रिया से लेकर शरीराच्छादनरूप प्रावरणपर्यन्त हैं, उनके आविर्भाव, तिरोभाव से क्रियाभेद, निरोधभेद आदि पाँचों हेतु चरितार्थ हो जाते हैं, फिर कोई विरोध ही नहीं रह जाता है, तब 'संयोगाप्राप्त्यभावात्' 'गुरुत्वान्तरकार्याग्रहणात्' इत्यादि हेतुओं से सिद्ध कार्य और कारण = पट-तन्तु, घट तथा मिट्टी में पारमार्थिक अभेद साधन में कोई प्रतिबन्धक नहीं । उसी का समर्थक दृष्टान्त है—**'यथा हि कूर्मस्याङ्गानि' इति ।**

जैसे कछुवे के शरीर में विद्यमान उसके अङ्ग कभी शरीर से बाहर निकलते हैं, कभी फिर अन्दर शरीर में ही समाविष्ट हो जाते हैं, यही निविशमान = समाविष्ट होना तथा निःसरण = शरीर से बाहर निकलना ही क्रमशः तिरोभाव एवम् आविर्भाव कहलाता है, न कि कछुवे के शरीर से वे अङ्ग उत्पन्न होते और ध्वस्त होते हैं । इसी प्रकार मिट्टी के अन्दर विद्यमान घट का जब आविर्भाव होता है तब उसे उत्पन्न हुआ कहते हैं और जब वह घट मिट्टी में ही समाविष्ट = तिरोभूत हो जाता है तब उसे विनष्ट हुआ कहते हैं । परन्तु वस्तुस्थिति यह है कि जो असत् हैं उनका कभी समुत्पाद नहीं होता है और जो सत् हैं उनका कभी निरोध = विनाश

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

(१७) यथा कूर्मः स्वावयवेभ्यः सङ्कोचविकासिभ्यो न भिन्नः, एवं घट-मुकुटादयोऽपि मृत्सुवर्णादिभ्यो न भिन्नाः। एवञ्च 'इह तन्तुषु पटः' इति व्यपदेशो यथा 'इह वने तिलकाः' इत्युपपन्नः।

(१८) न चाऽर्थक्रियाभेदोऽपि भेदमापादयति, एकस्याऽपि नानार्थ-क्रियादर्शनात्। यथैक एव वह्निर्दाहकः पाचकः प्रकाशकश्चेति। नाऽप्यर्थ-

---

प्रमाणयति—**'नासतो विद्यते भाव'** इत्यादिः। असतः=वन्ध्यापुत्रादेरिव अवर्तमान-स्यार्थस्य। भावः=उत्पत्तिः, न विद्यते। सतः=विद्यमानस्य, अर्थस्य। अभावः= अस्तित्वाभावो न भवितुमर्हतीति भावः। सदसतोरेकत्र समावेशो भवितुमशक्यत्वात्।

(१७) मृद्घटप्रभृत्योः कार्यकारणयोरभेदमुपपादयति—**यथा कूर्म इति**। यथा कूर्मः सङ्कोचविकासशालिस्वावयवेभ्यो न भिन्नः, तथैव घटोऽपि वर्तमानावस्थापन्नमृदः अतीतावस्थापन्नमृदश्च न भिन्नः, एवं सौवर्णाऽऽभूषणादयोऽपि वर्तमानावस्थापन्नस्व-कारणीभूतसुवर्णतो न भिन्नाः, नापि चाऽतीतावस्थापन्नसुवर्णतो भिन्नाः, किन्तु सर्वथा-ऽभिन्ना एव। व्यपदेशभेदोऽपि न भेदसाधक इत्यत आह—**एवञ्चेति**। अत्र चशब्दोऽव-धारणे, एवमेवेत्यर्थः। व्यपदेशोऽपि उपपन्न इत्यन्वयः। तत्र दृष्टान्तमाह—**यथा इह वने इति**।

(१८) अर्थक्रियाभेदस्यापि न भेदसाधकत्वमित्यत आह—**न चार्थक्रियाभेदोऽपीति**। न भेदमापादयति=कार्यस्य कारणाद् भेदं नहि साधयितुमर्हति, व्यभिचारात्। व्यभि-

---

नहीं होता है। जैसे भगवान् कृष्ण ने कहा भी है—**'नासतो विद्यते भावः'** इत्यादि। अर्थात् जो वन्ध्या-पुत्र अथवा नरश्रृङ्ग के समान असत् हैं, उनकी सत्ता सर्वथा बाधित है, वे कभी भी सत् नहीं हो सकते हैं और जो पदार्थ सत् हैं उनका अभाव=ध्वंस नहीं हो सकता है। इसी प्रकार प्रकृत में भी समझना चाहिए कि उत्पत्ति के पूर्व यदि घटादि कार्य असत् हैं तो उन्हें हजार कारणव्यापार भी उत्पन्न नहीं कर सकते हैं। अतः उत्पत्ति के पश्चात् कार्य जैसे सत् है ऐसे ही पूर्व भी वह सत् है, कारण भी सत् है, दोनों का अभेद है।

(१७) इसमें अनुरूप दृष्टान्त है कि जैसे कूर्म=कछुवा संकोच-विकासशाली अपने अवयवों से भिन्न नहीं है। इसी प्रकार घट और मुकुट आदि कार्य भी क्रमशः अपने-अपने कारण मिट्टी और सुवर्ण आदि से भिन्न नहीं हैं। और 'इह तन्तुषु पटः' यह जो आधाराधेयभावसूचक भेदव्यपदेश होता है, इसका पर्यवसान भी अभेद में ही है। जैसे 'इह वने तिलकाः' अर्थात् 'तिलक' नाम के वृक्षसमुदाय का नाम ही तो वन है। तिलक नामक वृक्षसमुदाय से भिन्न वन नहीं है। वृक्षसमुदाय और वन में जो भेदव्यप-देश होता है वह भेद एकमात्र अप्रामाणिक है, 'राहोः शिरः' इसके समान औपचारिक जैसे है, वैसे ही तन्तु और पट में भी समझना चाहिए।

(१८) जैसे व्यपदेशभेद कार्य और कारण में वास्तविक भेद का साधक न होकर अभेद का साधक है, वैसे ही अर्थक्रियाभेद भी वास्तविक भेद का साधक नहीं

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

क्रियाव्यवस्था वस्तुभेदे हेतुः, तेषामेव समस्तव्यस्तानामर्थक्रियाव्यवस्थादर्शनात् । यथा प्रत्येकं विष्टयो वर्त्मदर्शनलक्षणामर्थक्रियां कुर्वन्ति, न तु शिबिका-

---

चारं ग्राहयति—**नानार्थक्रियादर्शनादिति** । एकस्य वस्तुनोऽपि विलक्षणनानाक्रियावत्तया दर्शनादित्यर्थः । तत्रानुरूपं दृष्टान्तमाह—**यथैक एक वह्निरिति** । दाहकः = दहनक्रियावान्, भवति । पाचकः = पाचनक्रियावानपि । प्रकाशकः = प्रकाशक्रियावान् । एवञ्च भेदस्वरूपसाध्याभाववति वह्नौ अर्थक्रियाभेदात्मकहेतोः सत्त्वाद् व्यभिचारः सुस्पष्ट एव । अर्थक्रियाव्यवस्थाभेदस्यापि न भेदसाधकत्वमित्याह—**नाप्यर्थक्रियाव्यवस्थेति** । तेषामेव = तन्तूनाम् । समस्तव्यस्तानाम् = समस्तानां = संयुक्तानां, शरीरादिसमाच्छादनात्मकार्थक्रियाव्यवस्थासामर्थ्यं दृश्यते । व्यस्तानाम् = परस्परमसंयुक्तानाम्, सीवनात्मकार्थक्रियाव्यवस्थासामर्थ्यं दृश्यते । व्यस्तेषु तन्तुषु शरीराच्छादनरूपार्थक्रियाव्यवस्थाया दर्शनं न भवति । समस्तेषु च तन्तुषु सीवनात्मकार्थक्रियाव्यवस्थाया अभावो दृश्यते । इत्थञ्च पटान्तरत्वेनाभिमतेषु 'पट' इति व्यवहारयोग्येषु समस्ततन्तुषु तन्तुभेदात्मकसाध्याभावेन अर्थक्रियाव्यवस्थाभेदरूपहेतोश्च तत्र सत्त्वाद् व्यभिचारान्न वस्तुभेदः सिद्धयति । एकस्यैव वस्तुनः समस्तस्य व्यस्तस्य च अर्थक्रियान्तरशालित्वं दृष्टान्तेन साधयति—**यथा प्रत्येकं विष्टय इति** । विष्टयः = भृत्याः । वर्त्मदर्शनलक्षणाम्—वर्त्मनः = मार्गस्य, दर्शनलक्षणाम् = दर्शनस्वरूपाम् (अन्यस्मै) ।

है—'न चार्थक्रियाभेदोऽपी'ति । क्योंकि व्यभिचार है, उसी को दिखलाते हैं—'नानार्थक्रियादर्शनात्' से । अर्थात् 'वास्तविकभेदात्मकसाध्याभाववति वह्नौ औपाधिकाक्रियात्मकभेदरूपहेतोः सत्त्वात्' । नानार्थक्रियादर्शन जैसे एक ही वह्नि जलाने का, प्रकाश करने का तथा पकाने का भी कार्य करती है, परन्तु इनसे वह्नि में सर्वथा अभेद ही है । यह देखने में नहीं आता है कि जलाने वाली वह्नि अलग हो, प्रकाश करने वाली अलग हो और पाचन करने वाली वह्नि अलग हो ।

प्रश्न—नैयायिक कहता है कि सीवन कार्य तन्तुओं से ही होता है न कि पट से; और शरीर आदि का आच्छादनरूप कार्य पट से होता है न कि तन्तुओं से । इस प्रकार तन्तु और पटस्वरूप जो अर्थ हैं, उनकी जो सीवन एवं आच्छादनरूप क्रियाएँ हैं, वे अलग-अलग व्यवस्थित हैं । सीवन तन्तुओं में और आच्छादन पट में, तब फिर तन्तु और पट अर्थात् कारण और कार्य में अभेद कैसे हो सकता है, जब कि भेद स्पष्ट है ?

उत्तर—**नापीति** । जैसे अर्थक्रियाभेद कार्य और कारण के भेद का साधक नहीं हो सकता है, उसी प्रकार अर्थक्रियाव्यवस्था भी कार्य-कारणरूप वस्तु के भेद का साधक हेतु नहीं है । सांख्य का कथन है कि वे समस्त = परस्पर संयुक्त तन्तु ही प्रावरण = शरीररूप अर्थ की आच्छादनरूप क्रिया को सम्पन्न करते हैं और व्यस्त = अलग-अलग तन्तु ही पटरूप अर्थ की सीवनरूप क्रिया को सम्पन्न करते हैं । वहाँ सीवनरूप क्रिया तथा प्रावरणरूप क्रिया एकत्र ही तन्तुरूप अर्थ में व्यवस्थित है, अर्थ-

Digitization by Arya Samaj Charitable Foundation, Chennai

